दिन–बुधवार दिनांक– 28 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल की आज नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ सुरक्षा के अल्पकालिक उपायों पर चर्चा की गयी। केंद्रीय गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में भाग लिया। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार गठित कार्यबल को अपनी अंतरिम रिपोर्ट तीन सप्ताह के भीतर और अंतिम रिपोर्ट दो महीने के भीतर सौंपनी है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज दस साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक तिरेपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सड़सठ प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से पचपन प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

————————————————————————

नालंदा स्थित नव नालंदा महाविहार में 'गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्फेड की ओर से किया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के बाद गुरु पद्मसंभव ने भगवान बुद्ध के विचारों को पूरे विश्व में प्रचारित–प्रसारित करने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमें उनकी शिक्षाओं और विचारों को आत्मसात करते हुए भावी पीढ़ी के बीच ले जाना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने एक पाली हिंदी शब्दकोश का भी लोकार्पण किया।

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामन्य बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिलों के कुछ भागों में भारी वर्षा हुई है, जबकि अन्य भागों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। रोहतास के चेनारी में सबसे अधिक पैंसठ दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की सम्भावना है।

नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों और प्रदेश में बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, भागलुपर और कहलगांव में भी गंगा नदी लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, घाघरा नदी सीवान के गंगपुर सिसवन, बूढ़ी गंडक नदी समस्तीपुर तथा रोसड़ा और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

प्रदेश में बाढ़ के कारण भागलपुर, पश्चिमी चंपारण, खगड़िया, किशनगंज, पटना और कटिहार जिलों में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। गंगा, गंडक, कोसी, महानंदा और अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों और तटीय क्षेत्रों से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं। भागलपुर जिले में गंगा नदी में उफान के कारण कहलगांव–भागलपुर रेलखंड पर बाढ़ का पानी चढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। इसे देखते हुए मालदा रेल मंडल की ओर से पटरियों पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। पश्चिमी चंपारण जिले में गंडक और इसकी सहायक नदियों में उफान के कारण बीस से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने बेगूसराय जिले के तियाय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पाली गांव से भाकपा–माओवादी का जोनल एरिया कमांडर राकेश पासवान उर्फ बिहारी पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।